## आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रमीण परेशान

**सादुलपुर,** (निसं)। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों आवारा कुत्तों का भयंकर आतंक है। राह चलते लोगों को और बच्चों को आये दिन काटने के समाचार हम न्यूज में सुनते हैं।

ऐसा ही वाकया रात्री को सिद्धमुख मोड के पास रहने वाले गुलपुरा निवासी रमेश कुमार सिहाग के साथ हुआ है। इनकी भैंस घर के सामने ही प्लॉट में दिवार के भीतर अपने काटडे के साथ बंधी हुई थी। रात्री में 08-10 कुत्तों ने काटडे पर धावा बोल दिया और जिंदा ही नोच खाया। भैंस की आवाज सुनकर रमेश कुमार जब बाहर आया तो कुत्तों ने काटडे को दबोच रखा था और जिंदा ही नोच रहे थे। रमेश कुमार ने पत्थर और लकडी से भगाने का प्रयास किया तो उनकी तरफ भी झपटने की कोशिश की। किसी तरह कुत्तों को भगाकर पशु चिकित्सक डॉ. राजकुमार फगेडिया को बुलाया। मगर अत्यधिक खून बहने और नोचने के कारण काटडा अधिक देर तक जीवित नहीं रह सका और प्राण त्याग दिए। काटडा के मरने से भैंस भी दूध नहीं दे रही है। वहीं इस घटना में किसान को लाख रूपए के लगभग का नुकसान हो गया है। नगरपालिका इन आवारा कुत्तों को पकडने और इनका बंध्याकरण करवाने की कार्रवाई करें और किसान को मदद दी जानी चाहिए। बडे दुख और अचरज की बात है कि इनकी आबादी पर कोई किसी प्रकार का कंट्रोल करने का या बढती आबादी रोकने का ना तो सरकार कोई प्रयास करती है और ना ही नगरपालिका या ग्राम पंचायत के धनी धौरी करते हैं।

# सेना के गोला बारूद डिपो में सेवारत नंदूसिंह को नम आंखों से विदाई दी

## शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने चार घंटे जाम लगाया

**सूरजगढ,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के स्यालू कलां गांव में मंगलवार को भारतीय सेना के गोला बारूद डिपो में सेवारत जवान नंदूसिंह को नम आंखों से विदाई दी।

नंदू सिंह को एक शहीद की तरह अंतिम विदाई दी गई। जिसमें बड़ी संख्या में युवा तिरंगा रैली लेकर शामिल हुए और भारत मां की जय और नंदू सिंह अमर रहे के नारे लगाए। नंदू सिंह की अंतिम यात्रा से पहले करीब चार घंटे तक विवाद भी चला। जिसके चलते घरडू चौराहे पर परिवारजन, ग्रामीणों ने सीकर-लोहारू स्टेट हाइवे को जाम रखा।

दरअसल ग्रामीण नंदू सिंह की पार्थिव देह आर्मी के वाहन की बजाय एक साधारण एंबुलेंस में लाने, नंदू सिंह की पार्थिव देह पर तिरंगा ना होने, नंदू सिंह को शहीद का दर्जा देने तथा नंदू सिंह पर हादसे को लेकर लेह लद्दाख में कथित एक एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर परिवारजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस, प्रशासन और आर्मी के अधिकारियों ने एक- एक कर सभी डिमांड पर ग्रामीणों की शंकाओं को साफ किया। उन्होंने बताया कि जो एफआईआर लेह लद्दाख में हादसे को लेकर दर्ज हुई है वो नंदू सिंह पर नहीं है। बल्कि एक साधारण रिपोर्ट है जो उस हादसे को लेकर दर्ज करवाई है। वहीं नंदू सिंह के परिवार को ना केवल आर्मी बल्कि केंद्र और राज्य सरकार से करीब 90 लाख रूपए की सहायता मिलेगी। वहीं नंदू सिंह वीरगति को प्राप्त हुए हैं जिनका सम्मान पूरी आर्मी और हर व्यक्ति करता है। इस स्थिति को साफ होने के बाद नंदू सिंह की पार्थिव देह उनके गांव स्यालू कलां ले जाई गई। जहां पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सूरजगढ विधायक श्रवण कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता राजेश दहिया, सूरजगढ प्रधान बलवान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तन्मय अहलावत, विकास भालोठिया, पार्षद नरेंद्र शेखावत, पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लांबा, एडवोकेट शिवराजसिंह राठौड, पूर्व पार्षद बाबूलाल चेतीवाल, एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री शमशेर सिंह चौहान, करणी सेना जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह जाखोद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सुनील पालीवाल, मनोज शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि बलीसिंह उरीका, सरपंच रामकिशन ढाढोत, सरपंच ईश्वर सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार जांगिड, सूरजगढ एसडीएम दयानंद रूयल, चिडावा डिप्टी एसपी विकास धींधवाल, तहसीलदार चंद्रशेखर यादव, थानाधिकारी सुखदेव सिंह चारण समेत कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

आपको बता दें कि स्यालू कलां निवासी नंदू सिंह 30 मार्च 2023 को सेना के गोला बारूद डिपो में ट्रेड्समैन मेट के पद पर ज्वाइन किया था और वे लेह लद्दाख में आर्मी के गोला बारूद डिपो में तैनात थे। गोला बारूद डिपो में बम विस्फोट में 8 मई को नंदू सिंह घायल हो गए थे। उसके बाद नंदू सिंह को चंडीगढ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां पर सोमवार को नंदू सिंह ने अंतिम सांस ली। नंदू सिंह सूरजगढ कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके है। वहीं एबीवीपी के कार्यकर्ता के तौर पर भी उन्होंने संगठन का काम किया था।



नंदूसिंह को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर आक्रोशित परिवारजन और ग्रामीणों ने 4 घंटे सड़क पर जाम लगाया

■ गोला बारूद डिपो में बम विस्फोट में 8 मई को नंदू सिंह घायल हो गए थे और सोमवार को अंतिम सांस ली

## सार-समाचार

### टॉपर्स का सम्मान किया



**झुंझुनूं,**(निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ.जी.एल. कालेर ने बताया कि 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया था। इसमें संस्थान के सभी परीक्षार्थी अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार संस्थान ने लगातार शत प्रतिशत परिणाम देने का क्रम बनाए रखा। साथ ही स्कूल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों जिसमें अंशिका चौधरी, अभिषेक चाहर, प्रियांशी, अनुज, ईशु, कुमकुम, विजेता, धु व काजला, तनिष्का सिंह, मयूरी चौधरी, प्रवेश, हिमांशु, दक्ष डांगी, सूरज जाखड, आयूषी सैनी, टीनाए ऋतिका कंवर, रूद्राक्ष, प्रताप सिंह, निक्की जांगिड, अर्पित कुमार, तमन्ना, उदित शर्मा का तिलकार्चन, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक निर्मल कालेर, एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेन्द्र सैनी, प्रिंस कैरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ विजय मूंड तथा विद्यालय स्टॉफ ने सभी सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम की बधाई दी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रोफेसर राजेश मांडिया सम्मानित



**झुंझुनूं,** (निसं)। नर्सिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को दी ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा द्वारा राज्य स्तरीय अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किए गए। झुंझुनूं जिले के नौरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर राजेश मांडिया को इनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा नर्सेज दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में किया गया। राजस्थान ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जोगेंद्र शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रॉय के जॉर्ज द्वारा राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ नर्सेज व शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके लिए संस्थान सचिव डॉ. संदीप ढूकिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुनिता ढूकिया, प्राचार्य विवेक त्रिपाठी व समस्त स्टाफ द्वारा प्रोफेसर राजेश मांडिया को बधाई दी गई।

### हत्या प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**पाटन,** (निसं)। पिछले साल 21 अगस्त को बकरी चराने वाले ग्वाले की जान से मारने की मंशा से कुल्हाड़ी से वारकर ग्वाले का पैर काट दिया था। जिसकी रिपोर्ट केसर सिंह पुत्र गंगु सिंह राजपूत निवासी फागणवास द्वारा पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। केसर सिंह ने बताया कि मेरे भाई हनुमान सिंह रेला के जंगल में बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक पर बैठे दो युवकों ने मेरे भाई से लकड़ी काटने के लिए कुल्हाड़ी ली, तथा उसी कुल्हाड़ी से मेरे भाई का पैर काट दिया एवं सर पर जगह-जगह वार किया जिससे कई जगह गंभीर चोटे आई थी। प्रकरण दर्ज कर किए गए अनुसंधान में मनीष यादव निवासी ढाणी मुकुन्दावाली तन कांसली थाना सरुंड जिला कोटपूतली बहरोड को गिरफ्तार किया जा चुका है।प्रकरण में शेष आरोपी विकास कुमार यादव निवासी घासीपुरा घटना के बाद से ही फल चल रहा था, तथा पुलिस को लगातार 9 महीने से गच्चा दे रहा था।6 मई को पुलिस टीम गठित कर विकास को गिरफ्तार किया गया। टीम में एएसआई पतराम यादव, कांस्टेबल मनोहर लाल,प्रशांत शामिल रहे। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा के लिए सुपुर्द किया गया,अनुसंधान जारी है।

### कथा स्थल का किया निरीक्षण

**चूरू,** (कासं)। शहर के बजाज परिवार की ओर से श्रीराम मंदिर में डेडराज विनोद कुमार बजाज की ओर से 15 से 18 मई तक श्रीमदभागवत कथा का दिव्य प्रवचन करवाया जायेगा। भव्य और विशाल शोभायात्रा के लिए कार्यकर्ताओं की टीम पूरे जोश से आयोजन को सफल बनाने के लिए लगी है। भागवत कथा की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। सुबह भव्य और विशाल शोभायात्रा के साथ श्री मद्भागवत कथा शुरू होगी। जिसके तहत बजाज परिवार की ओर से कथा स्थल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता शिव कुमार गोयनका ने बताया कि कथा का वाचन भास्कर संत शिरोमणि डॉ. सदानंद महाराज करेंगे। इस अवसर पर सुशील सरावगी, विजय बजाज, बजरंग बजाज, सुशील बजाज, हरीश बजाज, मुन्ना बजाज, अंजनी, श्रवण, रामोतार, सुरेश, मधु, मनीष, पवन, मेघराज, अनिल, रतन, शंकरलाल सोनी आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**झुंझुनूं,**(निसं)। हिंदुस्तान स्काउट गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन बेसिक शिविर का समापन हरकौरी देवी महिला महाविद्यालय झुंझुनूं में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजिक कार्यकर्ता महेश जीनगर एवं अरूण कस्वां रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत जिला सहायक सचिव सुदीप कुमार ने किया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के सहायक संगठन आयुक्त प्रदीप ईशरवाल ने समापन समारोह में कहा कि स्काउटिंग एक ऐसी विधा है। जिसमें विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता हैं। इस अवसर पर नीरज कुलहरि, आशीष, खुशबू दानोदिया, देवेंद्र, सुखवीर गढवाल, महिमा, खजानी, लालचंद, रामनिवास सैनी, बबली स्वामी, सुनिता गुर्जर, लक्ष्मी गुर्जर, गुलाबसिंह, धर्मवीरसिंह, दिनेशकुमार, महेश गोठवाल आदि उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का आभार रामनिवास सैनी ने किया।

### डिवाइन स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल की कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें महिमा चौधरी ने 95.40 प्रतिशत तथा मानवी ने 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वहीं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या आठ रही। इसी प्रकार कक्षा 12 विज्ञान वर्ग का शत प्रतिशत परिणाम रहा है। चार विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। बाकि सभी छात्रों का परिणाम 70 प्रतिशत से अधिक रहा है। संस्था के चेयरमैन राजेंद्र मंडीवाल और डायरेक्टर राजेश मंडीवाल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्कूलों में इंग्लिश स्पोकन को बढ़ावा देने पर जोर

■ झुंझुनूं जिले के गांवों के स्कूलों की स्थिति जानने पहुंचे डीईओ एलीमेंट्री

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की ओर से सरकारी स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश को बढ़ावा देने को लेकर शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना की पालना की स्थिति जानने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज कुमार ढाका झुंझुनूं जिले के बॉर्डर पर स्थित गांवों में पहुंचे।

डीईओ ढाका ने अलसीसर ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा और शहीद उम्मेद सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवपुरा का औचक निरीक्षण किया। ये दोनों ही गांव झुंझुनूं जिले की सीमा के अंतिम गांवों में शामिल है। इस दौरान उन्होंने आईसीटी लैब में चल रही स्पोकन इंग्लिश क्लासों का निरीक्षण किया। डीईओ मनोज कुमार ढाका ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों का अंग्रेजी बोलने व लिखने में स्तर उच्च हो। इसे लेकर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की ओर से यह योजना संचालित की गई है। योजना के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों में संचालित आईसीटी लैब में प्रतिदिन डेढ घंटे बच्चे स्पोकन इंग्लिश पढेंगे। डीईओ ने बताया कि यह योजना ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 45 दिवसीय तक सरकारी स्कूलों में चलेंगी जिसमें नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को इंग्लिश पढाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने बताया कि दोनों विद्यालयों में कलेक्टर के निर्देशों की संतोषजनक पालना की जा रही थी। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने बताया कि छुट्टियों के दौरान किसी भी विद्यालय ने इस योजना को लेकर लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डीईओ मनोज कुमार ढाका ने विद्यालय में के पोषाहार का भी निरीक्षण किया।

## पेयजल समस्या से परेशान महिलाओं ने अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई

**चिड़ावा,** (निसं)। पेयजल समस्या से परेशान वार्ड दस के पुरुषों के बाद अब महिलाएं भी पानी की मांग को लेकर जलदाय कार्यालय पहुंचे और ए.ई.एन. अशोक पलसानिया से मुलाकात की। महिलाओं के देखकर एईएन अशोक पलसानिया ने जेईएन निशा कुमारी को बुलाया। निशा ने महिलाओं की समस्या को सुना।

महिलाओं ने दोनों अधिकारियों को खरी खरी सुनाते हुए वार्ड में लगाए वॉल हटाने और पेयजल व्यवस्था सुचारू करने पर बल दिया। महिलाओं ने बताया कि वार्ड दस में बालाजी मंदिर के पास 15 वर्षों से एक ट्यूबवेल से सप्लाई सही हो ही रही थी। लेकिन इसमें तीन जगह वॉल कर पानी को ब्लॉक कर दिया गया। जिससे आखिरी छोर तक पानी नहीं जा रहा। इस कारण पूर्व दिशा में 60 घरों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही। लोगों ने अप्रैल में भी निवेदन किया था। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। महिलाओं ने चेताया है कि जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो फिर वे बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर वार्ड 10 की विमला ढाका, कमला चाहर, प्रियंका, सुरीला, अनीता, संतरा, विमला श्योराण, अंजू, किरण, राजकुमार आदि मौजूद रहे।



पेयजल समस्या से परेशान वार्ड दस की महिलाएं जलदाय कार्यालय पहुंची।

## भूमि सुपोषण जन अभियान

**बीदासर,** (निसं)। जननी ओर जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है, भूमि मेरी माता है, और मैं उसका पुत्र हूं। ये विचार डाक्टर सिद्धार्थ शंकर जोशी ने भंवरी देवी सुथार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर में आयोजित भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अनवरत जन अभियान कार्यक्रम में प्रकट किये।

डॉक्टर जोशी ने कहा कि यह निश्चित है कि वर्तमान में कृषि योग्य भूमि अवनत है, और निरंतर कृषि के लिए भूमि का सुपोषण करते रहना होगा। कृषक एवं अन्य सामान्य जनों की भूमि के प्रति श्रद्धा कम हुई है। इसलिए भूमि को शोषण का संसाधन मान लिया गया है। भूमि को पृथ्वी, धरा, वसुधा, वसुंधरा, भूदेवी, रत्नगर्भा व क्षमा आदि नामों से जाना जाता है, और भारतीय परंपरा में शुभ अवसरों पर भूमि/मिट्टी का पूजन किया जाता है। अथर्ववेद में भूमि को माता और मनुष्य को उसकी संतान बताया गया है, एवं भूमि के प्रति मनुष्यों के कर्तव्यों का बोध कराया गया है। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने बताया कि भूमि पूजन की पवित्र परंपरा स्वहित, परहित एवं राष्ट्रिहत में पुनस्थार्पित हो इस हेतु हम सब क्रियान्वयन की योजना बनाए यह समय की आवश्यकता है। भूमि के प्रति क्षीण हुई श्रद्धा के पुनस्थार्पित हेतु भूमि पूजन के लिए चैत्र शु. प्रतिपदा एक सर्वमान्य उचित अवसर है, जिसको प्रतिवर्ष करते रहना चाहिए। भूमि पूजन कृषक, संस्थाएं एवं अन्य सभी व्यक्ति सपरिवार अपने खेत एवं परिसर में आयोजित कर सकते है। खेत की मिट्टी को किसी वस्त्र अथवा स्वच्छ धरातल पर रखे। जल, कलश, नारियल, पत्ते, पुष्प आदि से श्रंगार करें।

## परिंडे लगाए

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना में स्थित राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था के लिए पहले 10 और मंगलवार को 15 परिंडे लगाए गए। "आस्था जन कल्याण सेवा समिति" नीमकाथाना द्वारा महाविद्यालय को 15 परिंडे भेट किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मंजू वर्मा ने परिंडे भेट करने वाली आस्था जन कल्याण सेवा समिति का आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कुमुद प्रियदर्शिनी तथा रोहिताश यादव सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## मूंगफली बीज -666 की पहली खेप पहुंची

**चिड़ावा,** (निसं)। क्षेत्र के किसानों द्वारा सर्वाधिक पसंद किए जाने वाले मूंगफली बीज -666 की पहली खेप मंगलवार सुबह चिड़ावा रेलवे फाटक स्थित रतेरवाल सीड्स के गोदाम पर पहुंची, जिसकी विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात सप्लाई चालू की गई।

बातचीत में विक्रेता कृष्ण शर्मा ने बताया की मूँगफली -666 के अतिरिक्त वेस्टर्न कंपनी द्वारा उत्पादित बम्पर पैदावार उच्च गुणवत्ता का चारा तथा रोगरोधी बाजरा किंग-888, मध्यम लम्बाई एवं अधिक फलियों वाला ग्वार किंग न. 10, अधिक टींडरो वाला और गुलाबी सुंडी से प्रतिरोधक कपास किंग मैजिक और अधिक पैदावार एवं मोज़ेक विषाणु से प्रतिरोधक किंग सुपर मूंग किस्मो को भी क्षेत्र के किसानो द्वारा सर्वाधिक पसंद किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश झाझड़िया आदि मौजूद रहे।

## हमसफर ट्रेन के ठहराव की मांग, ज्ञापन दिया

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना रेलवे स्टेशन अधीक्षक को हरि सिंह सैनी तथा अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में रेल मंडल प्रबंधक को हमसफर ट्रेन के ठहराव के लिए तथा नीमकाथाना में और अधिक ट्रेनों के संचालन के लिए ज्ञापन दिया गया तथा शीघ्रताशीघ्र इसके मामले को संज्ञान में लेने हेतु तथा कार्रवाई करने के लिए रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बारे में अवगत करवाया गया। ताकि यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सके।

ज्ञात रहे नीमकाथाना रेलवे स्टेशन सबसे ज्यादा रेवेन्यू देने वाला स्टेशन है। सैनी ने यह भी बताया कि दिल्ली से नीमकाथाना व नीमकाथाना से दिल्ली जाने वाले कर्मचारी, व्यवसायी, तथा सैनिकों की संख्या बहुत अधिक है, ऐसे में अगर और ट्रेन बढा दी जाती है तो रेल मंडल को और अधिक रेवेन्यू मिल सकता है तथा इस मार्ग से आने जाने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकती है।

## विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन

**मंड्रेला,** (निसं)। श्री बालाजी मन्दिर सेवा समिति,बोला की ढाणी (मण्ड्रेला) द्वारा श्री तेजाणा मंगलेश्वर बालाजी मन्दिर में चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का समापन विशाल जागरण एवं भंडारे के साथ हुआ।

धार्मिक कार्यक्रमो के अंर्तगत मंदिर परिसर में 11 से 13 मई को अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ।वही सोमवार 13 मई को विशाल एवं भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया जिसमे कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान भक्तों ने बालाजी महाराज के खूब जयकारे लगाए, जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया।


मंगलावर 14 मई को प्रात: महाआरती का आयोजन हुआ जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।पूजा - अर्चना पंडित प्रवीण शास्त्री के सानिध्य में हुई।मंदिर निर्माता समाजसेवी मेवा सिंह बोला ने आए हुए सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ले. जनरल अजय कुमार थे।

## इंजीनियर इब्राहिम मुस्लिम वेलफेयर फ्रंट के निर्विरोध अध्यक्ष बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय श्री डॉट्स चिल्ड्रंस एकेडमी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुस्लिम वेलफेयर फ्रंट की अहम मीटिंग आयोजित हुई। मास्टर यूनुस अली भाटी और शफी नागौरी ने फ्रंट के अध्यक्ष के लिए इंजीनियर इब्राहिम खान का प्रस्ताव रखा जिसका बरकत अली गहलोत तथा आजम भाटी ने समर्थन किया तथा उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इंजीनियर इब्राहिम खान को निर्विरोध अध्यक्ष चुना।

इरशाद खान लेक्चरर, फारूख मिर्जा, मास्टर खुर्शीद गौहर, मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम डी चोपदार, बाबू भाई, बरकत गहलोत, मौलाना मोहम्मद सुल्ताना, फारूख जमाल खत्री, असलम खान मंडावा, एडवोकेट इरशाद फारूकी तथा अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए क्वालिटी एजुकेशन लाने पर जोर देते हुए बालक तथा बालिकाओं के कॉलेज की स्थापना करने की मांग रखी। नवंबर माह में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन और अच्छी तालीम, अच्छी सेहत, अच्छे अखलाक मुहिम को कामयाब बनाने के लिए सभी से सहयोग करने की पुरजोर अपील की। शादियों में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने और फिजूल सामाजिक रस्मों रिवाजों से समाज को मुक्त करवाने के लिए कोशिश करने का संकल्प दिलवाया। जिला मुख्यालय के दोनों राजकीय महाविद्यालयों में उर्दू विषय शुरू करवाने के लिए भी जद्दोजहद करने पर भी विचार विमर्श हुआ।

इंजीनियर इब्राहिम खान में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि समाज और मुल्क की तरक्की के लिए हमें मिशन 6टी का मंत्र अपनाना होगा यानी तालीम, तंजीम, तहजीब, तिजारत, तरबीयत और तरक्की के लिए समाज में जागरूकता पैदा करके ही समाज को अशिक्षा, अज्ञानता और गरीबी के अंधेरे से बाहर निकाला जा सकता है। फ्रंट के अध्यक्ष इंजीनियर इब्राहिम खान ने कहा कि लोगों की उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा तथा मुस्लिम वेलफेयर फ्रंट के फ्यूचर प्लांस और प्रोजेक्ट को सभी को साथ लेकर अंजाम तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लियाकत खान भीमसर ने की। कार्यक्रम में पार्षद आजम भाटी, शफीक खान नूआ, रजब अली चौहान, आशिक कपूर, खादिम खान खोखर, अब्दुल रहमान सैयद, असलम मिर्जा, सलीम गहलोत, साले मोहम्मद जयपहाडी, फिरोज खान, पार्षद जब्बार फूलका, एडवोकेट मोहम्मद याकूब, दाउद अली कुरैशी, अल्पसंख्यक अधिकारी अनीश खान, शब्बीर गहलोत, नायब शहर काजी जावेद इकबाल, इकबाल लालपुरिया, कप्तान सुल्तान खान जाबासर, इम्तियाज तगाला, अकरम खान, जमील अहमद अंसारी, नवाब अंसारी, मोहम्मद तौफीक खोखर, मोहम्मद जाकिर चौहान, आसिफ अंसारी, जंगशेर अली किढवाना, आमिर सिद्दीकी, मोहम्मद इरशाद भाटी, मंसूर किलानिया, आलमशेर खान, मोहम्मद सलीम नूआ, इरशाद अहमद, अब्दुल्ला चौहान, सलीम, अब्दुल मजीद, शब्बीर, याकूब अली गांगियासर सहित काफी संख्या में शहर एवं जिले के गणमान्य जन शामिल रहे।



मुस्लिम वेलफेयर फ्रंट की मीटिंग में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इंजीनियर इब्राहिम खान को निर्विरोध अध्यक्ष चुना।